CONFIDENTIAL

## MEMORANDUM

| | |
|---|---|
| Minister Incharge | Finance & Planning Minister, Haryana. |
| Administrative Secretary | Financial Commissioner and Principal Secretary to Government, Haryana, Planning Department. |

**Subject : Annual Administrative Report of the Economic and Statistical Organisation, Haryana for the year 2006-07 alongwith its Review.**

*********

The Annual Administrative Report ( in Hindi only ) alongwith Review and Critique (both in Hindi as well as in English) of the Economic and Statistical Organisation, Haryana for the year 2006-07 is placed before the Council of Ministers for approval in accordance with the instructions issued by the Chief Secretary to Government, Haryana vide his U.O.No.15/19/91-4 P.P., dated the 30th March, 1993.

The prior approval of the Chief Minister, Haryana has been obtained for placing this matter before the Council of Ministers.

( N.Bala Baskar )
Financial Commissioner and Principal
Secretary to Government, Haryana,
Planning Department.

Dated : Chandigarh
the 2nd August 2007

# REVIEW OF THE WORK DONE IN THE ECONOMIC AND STATISTICAL ORGANISATION, HARYANA DURING THE YEAR 2006-07

****

The main functions of the Economic and Statistical Organisation are to collect, compile and analyse various types of statistics required for planning and formulation of various development programmes in the State. It also undertakes surveys on various socio-economic aspects of the State, conducts evaluation studies, assists in formulating Five Year and Annual Plans and advises the State Government on economic and statistical matters.

During the year 2006-07, the State Statistical Abstract of Haryana 2005-06, containing comprehensive statistics on various socio- economic aspects of the State was published in time and was distributed amongst the Hon'ble Members of the Legislative Assembly alongwith other budget documents during Budget Session.

"An Economic Survey of Haryana 2006-07" indicating the status of development in various sectors of the State economy was prepared and distributed in Haryana Vidhan Sabha during the Budget Session.

The Organisation conducted the Census of Haryana Government Employees as on 31-3-2005 and issued a Card containing classification of Employees according to various categories. Besides, the census of employees as on 31-3-2006 remained in progress.

The monthly Consumer Price Index for working class was worked out on regular basis out for its publication in Haryana's Gazette ( Part-II ). Besides, monthly statements of agricultural labour wages and rural retail prices, consumer's retail and wholesale prices of selected commodities were also collected & compiled for submission of various reports and returns to State and Central Government.

Estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income for the year 2004-05 were prepared both at current and constant (1999-2000) prices. Quick estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income for the year 2005-06 for all sectors were also prepared both at current and constant (1999-2000) prices.

Work relating to preparation of reports on "An Economic and Purpose Classification of Haryana Government Budget for the year 2005-06", "An Economic and Functional Classification of Budgets of Municipal Committees/ Councils/ Corporations in Haryana for the year 2004-05" and "An Analysis of State Finances for the year 2004-05" was completed.

The study reports on "Economics of Farming" and "Family Budgets of Cultivators" for the year 2004-05 were prepared and got printed.

The Annual Index of Industrial Production according to Industrial Classification for the year 2004-05 with 1993-94 as base year was finalised.

The survey work of 62nd round of National Sample Survey was completed and work regarding 63rd round remained in progress.

The Statistical Training camps in five districts of the State were organised and 133 officials of various departments were imparted training in elementary statistics.

District Statistical Abstracts and Municipal Year Books for the year 2004-05 of all the districts of the State were prepared.

During the year 2006-07, Annual Plan for the year 2006-07 was prepared and got approved and printed. Draft Annual Plan 2007-08 and Eleventh Five Year Plan (2007-12) were also prepared.

Funds were released during the year 2006-07 under Decentralised Planning Scheme to all the districts in the State.

During the year 2006-07, the Evaluation Studies namely, Rehabilitation of Degraded Forests in Haryana and Integrated Child Development Services Programme were completed. Besides, studies relating to 'Post-Matric Scholarship to the students belonging to Scheduled Castes', and Functionality of Solar Lantern and SPV Homelighting System remained in progress.

Monthly and Quarterly Progress Reports relating to implementation of 20-Point Programme in the State were regularly monitored and the requisite reports were forwarded to the Government of India.

The District Statistical Agencies remained busy with the preparation/ revision of District Statistical Abstracts, District Socio-Economic Reviews, Municipal Year Books and other statistical activities in their respective districts.

Dated : Chandigarh
the 2nd August 2007

N.Bala Baskar,
Financial Commissioner & Principal
Secretary to Government, Haryana,
Planning Department.

**CRITIQUE OF THE ANNUAL ADMINISTRATIVE REPORT OF THE ECONOMIC AND STATISTICAL ORGANISATION, HARYANA FOR THE YEAR 2006-07**

****

During the year 2006-07 the Economic and Statistical Organisation, Haryana continued functioning satisfactorily. The collection, compilation and analysis of statistics on various socio-economic aspects of the State were undertaken. The Organisation brought out State Statistical Abstract for the year 2005-06 during the year. This publication has immense utility for taking policy decisions, formulation of development plans and for research institutions. It was distributed among the legislators at the last budget session alongwith other budget documents. Like-wise, Economic Survey of Haryana, 2006-07 was brought out and distributed among the Legislators during the Budget Session.

The Organisation also conducted Census of Haryana Government Employees, compiled monthly information of agricultural labour wages, retail and wholesale prices, regularly issued the consumer price index numbers and Indices of Industrial Production. Estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income of Haryana for the year 2004-05 both at current and constant (1999-2000) prices, were prepared. The quick estimates of Gross State Domestic Product, Net State Domestic Product and Per Capita Income for the year 2005-06 for all sectors both at current and constant (1999-2000) prices were also prepared. Work relating to preparation of reports on "An Economic and Purpose Classification of Haryana Government Budget for the year 2005-06", "An Analysis of State Finances for the year 2004-05" and "An Economic and Functional Classification of Budgets of Municipal Committees/ Councils/ Corporations in Haryana for the year 2004-05" was completed. The study reports namely "Economics of Farming" and "Family Budgets of Cultivators" both for the year 2004-05 were prepared and got printed.

The Planning Wing of this Organisation prepared Annual Plan 2006-07 and the same was got approved and printed. Draft Annual Plan 2007-08 and Eleventh Five Year Plan ( 2007-12 ) were also prepared.

During the year 2006-07, the Evaluation Studies namely, "Rehabilitation of Degraded Forests in Haryana and Integrated Child Development Services Programme were completed. Besides, studies relating to 'Post-Matric Scholarship to the students belonging to Scheduled Castes', and Functionality of Solar Lantern and SPV Homelighting System remained in progress.

The implementation of 20-Point Programme was regularly monitored satisfactorily both at the State and district level. District Statistical Agencies remained busy in Statistical activities including updating District Statistical Abstracts, District Socio-Economic Reviews, Municipal Year Books.

Dated : Chandigarh
2nd August 2007

N.Bala Baskar,
Financial Commissioner & Principal
Secretary to Government, Haryana,
Planning Department.

गोपनीय

# ज्ञापन

कार्यभारी मन्त्री — वित्त एवं योजना मन्त्री, हरियाणा ।

प्रशासकीय सचिव — वित्तायुक्त एंव प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, योजना विभाग ।

विषय :— **अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा की वर्ष 2006—07 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट तथा समीक्षा ।**

वर्ष 2006—07 के लिये अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट ( केवल हिन्दी भाषा में ) तथा समीक्षा ( Review ) एवं समालोचना ( Critique ) (हिन्दी व अंग्रेजी दोनो भाषाओं में ) मुख्य सचिव, हरियाणा के अशा0 कमांक 15/19/91—4 पी0पी0 दिनांक 30—3—93 के अनुदेशों के अनुसार मन्त्रिपरिषद के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है ।

इस मामले को मन्त्रिपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत करने के लिए मुख्यमन्त्री महोदय की पूर्व अनुमति ले ली गई है ।

( एन0बाला बास्कर )
वित्तायुक्त एंव प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
योजना विभाग ।

दिनांक, चण्डीगढ़
02/08/2007

## अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा की वर्ष 2006–07 के कार्य की समीक्षा ।

अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन का मुख्य कार्य राज्य में विभिन्न विकास कार्यक्रमों के नियोजन एवं प्रशासन हेतू विभिन्न प्रकार के अभीष्ट आंकड़ों को एकत्रित, संकलित एवं विश्लेषण करना है । राज्य के विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर सर्वेक्षण करना, मूल्यांकन अध्ययन करना, पंचवर्षीय योजना तथा वार्षिक योजना बनाने में सहायता प्रदान करना तथा आर्थिक एवं सामाजिक विषयों पर राज्य सरकार को परामर्श देना आदि कार्य भी इसी संगठन द्वारा सम्पन्न किये जाते हैं ।

वर्ष 2006–07 के दौरान हरियाणा सांख्यिकीय सारांश 2005–06 जिसमें राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर विस्तृत आंकडे दिये जाते हैं, को तैयार करके मुद्रित करवाया गया व बजट सत्र के दौरान विधान सभा में अन्य बजट प्रलेखों के साथ माननीय विधानसभा के सदस्यों में वितरित किया गया ।

'हरियाणा के आर्थिक सर्वेक्षण 2006–07' जिसमें राज्य अर्थ–व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति दर्शाई जाती है, को तैयार करके मुद्रित करवाया गया व बजट सत्र के दौरान हरियाणा विधान सभा में वितरित किया गया ।

संगठन द्वारा 31 मार्च, 2005 को हरियाणा सरकार के अमला के आंकड़ों की गणना का कार्य किया गया व विभिन्न श्रेणियों के अनुसार कर्मचारियों के वर्गीकरण सम्बन्धी कार्ड जारी किया गया । इसके अतिरिक्त 31 मार्च, 2006 से सम्बन्धित अमला के आंकड़ों की गणना का कार्य जारी रहा ।

हरियाणा गजट भाग II में प्रकाशन के लिए मासिक उपभोक्ता कीमत सूचकांक नियमित तौर पर ( श्रमिक वर्ग ) तैयार किया जाता है । इसके अतिरिक्त कृषि श्रमिक मजदूरी एवं ग्रामीण खुदरा कीमत चुनी हुई वस्तुओं की खुदरा एवं थोक भाव की मासिक विवरणियां एकत्रित तथा संकलित करके राज्य तथा केन्द्र को भिन्न–भिन्न प्रकार की रिपोर्ट एवं सूचना प्रेषित की गई ।

प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) दोनों भावों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय अनुमान वर्ष 2004–05 के लिये तैयार किये गये। सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित वर्ष 2005–06 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के द्रुत अनुमान भी तैयार किये गये ।

'हरियाणा सरकार के बजट वर्ष 2005–06 का आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण', 'हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं / परिषदों / निगमों के बजटों का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 2004–05' तथा 'राज्य–वित्त का विश्लेषण वर्ष 2004–05' नामक प्रतिवेदन तैयार किए गए ।

वर्ष 2004–05 से सम्बन्धित 'हरियाणा में कृषकों की आर्थिक व्यवस्था' व 'कृषकों का परिवार बजट' नामक अध्ययन रिपोर्टस तैयार की गई व मुद्रित करवाई गई ।

औद्योगिक वर्गीकरण अनुसार वार्षिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वर्ष 2004–05 (आधार वर्ष 1993–94) को अन्तिम रूप दिया गया ।

राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण के 62 वें चरण का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया तथा 63 वें चरण का कार्य प्रगति पर रहा ।

राज्य के पांच जिलों में प्रशिक्षण कैम्प आयोजित करके विभिन्न विभागों के 133 कर्मचारियों को प्राथमिक सांख्यिकी में प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

सभी जिलों के वर्ष 2004–05 के जिला सांख्यिकीय सारांश तथा नगरपालिका वार्षिक पुस्तक को तैयार किया गया ।

वर्ष 2006–07 के दौरान वार्षिक योजना 2006–07 को तैयार किया तथा अनुमोदित व मुद्रित करवाया गया। वार्षिक योजना 2007–08 व ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना ( 2007–12) के प्रारूप भी तैयार किये गए ।

वर्ष 2006–07 के दौरान विकेन्द्रीयकरण योजना स्कीम के तहत राज्य के सभी जिलों को राशि जारी की गई ।

वर्ष 2006–07 के दौरान मूल्यांकन अध्ययन नामतः हरियाणा में वनों का पुर्नरोपण व समेकित बाल विकास स्कीम नामक अध्ययन पूर्ण किए गए । इसके अतिरिक्त मूल्यांकन अध्ययन नामतः अनुसूचित जाति के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को छात्रवृति देना व सोलर लालटेन व एस0पी0वी0 गृह प्रकाश प्रणाली की कियाशीलता मूल्यांकन अध्ययन प्रगति में रहे ।

20–सूत्रीय कार्यकम के कार्यान्वयन से सम्बन्धित मासिक/त्रैमासिक प्रगति रिर्पोट का नियमित रूप से अनुश्रवण किया गया तथा वांछित सूचना भारत सरकार को भेजी गई ।

जिला सांख्यिकीय एजैंसियां अपने जिलों के जिला सांख्यिकीय सारांश, जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण, नगरपालिका वार्षिक पुस्तक तैयार करने/संशोधन करने में तथा अन्य सांख्यिकीय कार्यकलापों में व्यस्त रही ।

दिनांक: चण्डीगढ
02/08/2007

एन0बाला0 बास्कर,
वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार,
योजना विभाग।

## अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा की वर्ष 2006–07 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समालोचना ।

वर्ष 2006–07 में अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा ने संतोषजनक रूप से कार्य किया । हरियाणा राज्य के विभिन्न सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर आंकड़ों को एकत्रित, संकलन तथा विश्लेषण का कार्य पूर्ण किया गया । प्रतिवेदनाधीन वर्ष में इस संगठन द्वारा राज्य सांख्यिकीय सारांश 2005–06 को मुद्रित करवाया गया । इसे गत बजट सत्र के समय अन्य बजट प्रलेखों के साथ विधायकों को वितरित किया गया । यह प्रकाशन नीति निर्णय लेने, विकास योजनाओं के निरूपण हेतु तथा अनुसंधान से सम्बन्धित संस्थाओं के लिये अत्यन्त उपयोगी है । इसी प्रकार हरियाणा के आर्थिक सर्वेक्षण 2006–07 को मुद्रित करवाकर बजट सत्र के दौरान विधायकों को वितरित किया गया ।

इस संगठन द्वारा हरियाणा सरकार के कर्मचारियों की गणना, कृषि श्रमिक मजदूरी की मासिक सूचना, खुदरा तथा थोक भाव, उपभोक्ता कीमत सूचकांक तथा औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक नियमित रूप से जारी किये गये । प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) भावों पर वर्ष 2004–05 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के अनुमान तैयार किये गये । सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित वर्ष 2005–06 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति व्यक्ति आय के द्रुत अनुमान भी प्रचलित व स्थिर (1999–2000) भावों पर तैयार किये गये । 'हरियाणा सरकार के बजट वर्ष 2005–06 का आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण','राज्य वित्त का विश्लेषण वर्ष 2004–05' तथा 'हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं/परिषदों /निगमों के बजटों का आर्थिक एव कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 2004–05' नामक प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य पूर्ण किया गया । वर्ष 2004–05 से सम्बन्धित 'कृषि की आर्थिक व्यवस्था' तथा 'कृषकों का परिवार बजट' पर अध्ययन रिपोर्ट तैयार की गई व मुद्रित करवाई गई ।

इस संगठन के योजना प्रभाग द्वारा वार्षिक योजना 2006–07 को तैयार किया तथा अनुमोदित व मुद्रित करवाया गया । वार्षिक योजना 2007–08 व ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना ( 2007–12 ) के प्रारूप भी तैयार किए गए ।

इस संगठन के मूल्यांकन अनुभाग द्वारा राज्य में मूल्यांकन अध्ययन नामतः "हरियाणा में वनों का पुर्नरोपण" व "समेकित बाल विकास स्कीम" नामक अध्यरान पूर्ण किए गए । इसके अतिरिक्त मूल्यांकन अध्ययन नामतः अनुसूचित जाति के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को छात्रवृति देना व एस0पी0वी0गृह प्रकाश प्रणाली की कियाशीलता मूल्यांकन अध्ययन प्रगति में रहे ।

20 सूत्रीय कार्यक्रम का राज्य तथा जिला स्तर पर नियमित तौर पर अनुश्रवण संतोषजनक रहा । जिला सांख्यिकीय एजैन्सियां अपने जिलों के जिला सांख्यिकीय सारांश, सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण, नगरपालिका वार्षिक पुस्तक तैयार करने तथा अन्य सांख्यिकीय कार्यकलापों में व्यस्त रहीं ।

दिनांक: चण्डीगढ़
02/08/2007

एन0बाला बास्कर,
वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार.

# अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2006–07

अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, योजना विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रणाधीन कार्य करता है । इसके मुख्य कार्य निम्न प्रकार वर्णित हैं :

(क) राज्य के विभिन्न सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं पर आंकडों का संग्रह, संकलन तथा उनका विश्लेषण ।
(ख) राज्य के योजना एवं विकास कार्यक्रमों के निरूपण हेतु अपेक्षित आंकडों का जुटाना ।
(ग) राज्य की विभिन्न आर्थिक तथा सामाजिक पहलुओं से सम्बन्धित समस्याओं का सर्वेक्षण करना ।
(घ) राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सांख्यिकीय कार्यों का समन्वय करना ।
(ड) राज्य सरकार को आर्थिक एवं सांख्यिकीय विषयों पर परामर्श देना ।
(च) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (भारत सरकार) तथा अन्य राज्यों के सांख्यिकीय विभागों के साथ सम्पर्क करके कार्य करना ।
(छ) विकास योजनाओं /परियोजनाओं /स्कीमों का मूल्याकंन करना ।
(ज) पंचवर्षीय योजना /वार्षिक योजनाओं को बनाना तथा उनका कार्यान्वयन ।
(झ) विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत जिला स्तर की योजनाओं को बनाना तथा उनका कार्यान्वयन ।
(न) 20–सूत्रीय कार्यक्रम के अधीन विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति का अनुश्रवण करना ।
(ट) विभिन्न विभागों की मानवशक्ति एवं रोजगार गतिविधियों का समन्वय करना तथा मानवशक्ति एवं रोजगार प्रदान करने वाली परियोजनाओं का अध्ययन करना ।

उपर्युक्त गतिविधियों से विदित होता है कि अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा मुख्यतः एक अनुसंधान संस्था है जो कि समय–समय पर नियमित तथा तदर्थ आधार पर सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण /अध्ययन करता है । इस प्रकार इस संगठन के कोई भौतिक लक्ष्य अथवा उपलब्धियां नही होती हैं । फिर भी यह वर्णनीय है कि इस संगठन द्वारा हरियाणा सांख्यिकीय सारांश, हरियाणा का आर्थिक सर्वेक्षण, राज्य वित्त का विश्लेषण, बजट का आर्थिक एवं प्रयोजनवार कार्यात्मक वर्गीकरण, हरियाणा में नगरपालिकाओं /परिषदों /निगमों के बजटों का आर्थिक तथा कार्यात्मक वर्गीकरण, हरियाणा में कृषि की आर्थिक–व्यवस्था का अध्ययन तथा हरियाणा में कृषकों का परिवार बजट सर्वेक्षण रिपोर्ट जैसे कई वार्षिक प्रकाशन नियमित आधार पर मुद्रित करवाए जाते हैं ।

इस संगठन में आर्थिक तथा योजना प्रभागों के अन्तर्गत्त क्रमशः निम्नलिखित अनुभाग कार्य कर रहे हैं :–

(क) <u>आर्थिक प्रभाग</u>

1. संग्रह तथा संकलन
2. कीमत
3. राज्य आय
4. लोक वित्त
5. क्षेत्रीय लेखा
6. पूंजी निर्माण
7. कृषि
8. राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण एवं सारणीकरण
9. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक
10. प्रशिक्षण
11. सामाजिक सांख्यिकीय सुधार
12. आर्थिक गणना

(ख) योजना प्रभाग

13. योजना निरूपण तथा कार्यान्वयन
14. जिला योजना
15. मूल्यांकन सर्वेक्षण
16. योजना अनुश्रवण
17. मानवशक्ति तथा रोजगार समन्वय

वर्ष 2006–07 में अनुभागों द्वारा किये गये कार्यों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

(क) आर्थिक प्रभाग

1. संग्रह तथा संकलन अनुभाग

यह अनुभाग मुख्यतः राज्य के विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर सांख्यिकीय सामग्री का संग्रह तथा संकलन करके इनका नियमित रूप से प्रकाशन करवाता है । इस अनुभाग द्वारा प्रकाशित प्रकाशनों से विभिन्न विभागों/विश्वविद्यालयों/अनुसंधान संस्थानों/अनुसंधान–कर्ताओं की दिन प्रतिदिन की सांख्यिकीय आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाता है ।

राज्य सांख्यिकीय सारांश को तैयार करना अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा का एक वार्षिक कम है । तदानुसार वर्ष 2006–07 में वर्ष 2005–06 के सांख्यिकीय सारांश को समय पर प्रकाशित करवाकर जारी किया गया । इस प्रकाशन को बजट सत्र ( बजट सैशन) के दौरान अन्य बजट प्रलेखों के साथ विधायकों को वितरित किया गया । इस प्रकाशन में नीति निर्णय लेने, विकास योजनाओं के निरूपण तथा अनुसंधान कार्यों हेतु लगभग सभी महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक पहलुओं विशेषकर क्षेत्रफल, जनसंख्या, कृषि, सिंचाई, बिजली, उद्योग, श्रम तथा रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, लोक वित्त, कीमत सूचकांक, राज्य आय आदि के आकड़ों का समावेश किया जाता है । ये आंकड़े राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को जानने में अत्यधिक सहायक सिद्व होते हैं । यह इस विभाग का महत्वपूर्ण संदर्भ प्रकाशन है, जिसकी मांग गत वर्षो की तुलना में बढती जा रही है ।

केन्द्र तथा राज्यों के सांख्यिकी के संयुक्त सम्मेलन की सिफारिशों के आधार पर अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा वर्ष 1967 से प्रति वर्ष कर्मचारी वर्ग की गणना से सम्बन्धित आवश्यक सूचना एकत्रित कर रहा है । इस सूचना का प्रयोग राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में नीति निर्धारण हेतु तथा कर्मचारियों को अन्य वित्तिय सुविधाएं प्रदान करने हेतु किया जाता है । संदर्भाधीन अवधि के दौरान हरियाणा सरकार के अधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत अमला के आकंडे संदर्भ तिथि 31 मार्च, 2005 से सम्बन्धित परिणामों को अन्तिम रूप दिया गया व कार्ड मुद्रित करवाया गया तथा 31 मार्च, 2006 से सम्बन्धित अमला के आकंडों का संग्रह एवं सकंलन का कार्य प्रगति में रहा ।

कृषि श्रमिक मजदूरी तथा ग्रामीण खुदरा भावों की सूचना मास फरवरी, 2006 से नवम्बर, 2006 तक एकत्रित तथा संकलित करके कृषि मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजी गई ।

2、 कीमत अनुभाग

साप्ताहिक खुदरा तथा थोक भावों का संग्रह करना तथा श्रमिक वर्ग के लिए उपभोक्ता कीमत सूचकांक तैयार करना इस अनुभाग का उत्तरदायित्व है । रिर्पोटाधीन अवधि में मास फरवरी, 2006 से जनवरी, 2007 तक के श्रमिक वर्ग उपभोक्ता कीमत सूचकांक (आधार वर्ष 1982=100), छः केन्द्रों नामतः भिवानी, हिसार, सोनीपत, सूरजपुर–पिंजौर, बहादुरगढ, पानीपत तथा हरियाणा राज्य के लिए संकलित करके गजट अधिसूचना के रूप में जारी किये गये ।

न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी की हैसियत से जनवरी, 2006 से जून, 2006 तक तथा जुलाई, 2006 से दिसम्बर, 2006 तक के छः माही श्रमिक वर्ग के उपभोक्ता कीमत सूचकांक छः चुने हुए केन्द्रों तथा श्रम ब्यूरो, भारत सरकार द्वारा संकलित यमुनानगर व फरीदाबाद केन्द्रों के उपभोक्ता कीमत सूचकांकों की घोषणा की गई तथा गजट अधिसूचना जारी की गई ।

अम्बाला तथा हिसार के मण्डल मुख्यालयों के दो नगरों में मास अप्रैल, 2006 से मार्च, 2007 तक प्रचलित खुदरा भावों की मासिक समीक्षा तैयार करने उपरान्त राष्ट्रपति महोदय को भेजने हेतु प्रति माह सरकार को प्रस्तुत की गई ।

फरवरी, 2006 से जनवरी, 2007 तक के कृषि पदार्थो के थोक भाव के सूचकांक (आधार वर्ष 1980–81= 100) तैयार किये गये ।

ग्रामीण खुदरा भावों की जांच करके मास मार्च, 2006 से फरवरी, 2007 तक का संकलन कार्य किया गया तथा फरवरी, 2006 से जनवरी, 2007 तक के सूचकांक तैयार किये गये ।

त्रैमासिक मकान किराया सर्वेक्षण से सम्बन्धित तिमाही जनवरी, 2006 से जून, 2006, सितम्बर, 2006 तथा दिसम्बर, 2006 की प्राप्त अनुसूचियों की छानबीन करके मकान किराये का सूचकांक तैयार किया गया ।

3. राज्य आय अनुभाग

राज्य आय अनुभाग हरियाणा राज्य के राज्य घरेलू उत्पाद अनुमान तथा प्रति व्यक्ति आय अनुमान प्रचलित तथा स्थिर भावों पर नियमित तौर पर तैयार करता है । ये अनुमान राज्य के आर्थिक विकास के माप के लिए महत्वपूर्ण सूचकांक होते हैं । आर्थिक विकास दर्शाने के साथ–साथ क्षेत्रवार अनुमान राज्य की अर्थ–व्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हैं ।

नई श्रृखंला आधार वर्ष 1999–2000 पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद एवं प्रति व्यक्ति आय अनुमान वर्ष 1999–2000 से 2004–05 तक प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) दोनों भावों पर तैयार किये गये ।

नई श्रृखंला आधार वर्ष 1999–2000 पर आधारित हरियाणा राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद, निवल राज्य घरेलू उत्पाद तथा प्रति आय के द्रुत अनुमान वर्ष 2005–06 प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) दोनों भावों पर तैयार किए गए ।

राज्य घरेलू उत्पाद अनुमान वर्ष 2005–06 तैयार करने हेतु सूचना एकत्रित करने का कार्य जारी रहा । प्राप्त सूचना की छानबीन की गई तथा संकलन कार्य किया गया ।

4. लोक वित्त

लोक वित्त अनुभाग 'हरियाणा सरकार के बजट का आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण' तथा 'राज्य वित्त का विश्लेषण' के वार्षिक प्रतिवेदन तैयार करता है ।

वर्ष 2006–07 में, "हरियाणा सरकार के वर्ष 2005–06 के बजट की आर्थिक एवं प्रयोजनवार वर्गीकरण" सम्बन्धी रिपोर्ट तैयार करने का कार्य पूर्ण किया गया तथा समरूप रिपोर्ट वर्ष 2006–07 को तैयार करने का कार्य प्रगति पर रहा । "राज्य वित्त का विश्लेषण" वर्ष 2004–05 सम्बन्धी रिपोर्ट तैयार की गई तथा समरूप रिपोर्ट वर्ष 2005–06 को तैयार करने का कार्य प्रगति पर रहा ।

5. क्षेत्रीय लेखा अनुभाग

क्षेत्रीय लेखा अनुभाग हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं /परिषदों/ निगमों के बजटों का आर्थिक तथा कार्यात्मक वर्गीकरण सम्बन्धी रिपोर्ट वार्षिक आधार पर तैयार करता है । इसके अतिरिक्त हरियाणा राज्य की ग्राम पंचायतों के बजट ( ब्लाक वार ) तथा पंचायत समितियों के बजटों की सूचना का एकत्रीकरण व संकलन कार्य करता है ।

वर्ष 2006–07 के दौरान हरियाणा राज्य की नगरपालिकाओं/परिषदों/निगमों के बजटों का आर्थिक तथा कार्यात्मक वर्गीकरण सम्बन्धी रिपोर्ट वर्ष 2004–05 तैयार की गई । हरियाणा राज्य की ग्राम पंचायतों के बजट तथा पंचायत समितियों के बजटों का वर्ष 2004–05 व 2005–06 का एकत्रीकरण व संकलन कार्य प्रगति पर रहा ।

6. पूंजी निर्माण अनुभाग

पूंजी निर्माण अनुभाग राज्य में सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान वार्षिक आधार पर तैयार करता है ।

रिपोर्ट अधीन अवधि में प्रचलित तथा स्थिर (1999–2000) भावों पर अर्थ–व्यवस्था के सभी 13 क्षेत्रों के वर्ष 1999–2000 से 2004–05 तक के सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमान उद्योगों के उपयोग, संस्थानुसार एवं परिसम्पत्तियों के प्रकारानुसार तैयार किए गए ।

7. कृषि अनुभाग

कृषि अनुभाग प्रति वर्ष नियमित तौर पर दो प्रतिवेदन नामत: "हरियाणा में कृषकों की आर्थिक–व्यवस्था का अध्ययन" एवं "कृषकों के परिवार बजट अध्ययन" तैयार करता है । कृषकों की आर्थिक–व्यवस्था का अध्ययन रिपोर्ट में राज्य के चुने हुये कृषकों की जोतों की विभिन्न फसलों के उत्पादन, लागत तथा आय का अध्ययन किया जाता है । "कृषकों के परिवार बजट अध्ययन" के अर्न्तगत राज्य के चुने हुए कृषक परिवारों की आय तथा व्यय का विश्लेषण किया जाता है । "हरियाणा में कृषकों की आर्थिक–व्यवस्था का अध्ययन" वर्ष 2004–05 व "कृषकों के परिवार बजट वर्ष 2004–05 के प्रतिवेदन तैयार करके मुद्रित करवाए गए तथा समरूप प्रतिवेदन वर्ष 2005–06 को तैयार करने का कार्य जारी रहा ।

8. राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण एवं सारणीकरण अनुभाग

यह अनुभाग भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण संगठन के सहयोग से क्षेत्रीय सर्वेक्षण करता है । इस सर्वेक्षण के अन्तर्गत प्रत्येक चरण में भूमि उपयोगिता, ऋण तथा निवेश, विनिर्माण, घरेलू मकानों की दशा, उपभोक्ता व्यय तथा रोजगार एवं बेरोजगारी तथा व्यापार आदि कई सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर सूचना एकत्रित की जाती है ।

वर्ष 2006–07 में मास जुलाई, 2006 में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर से सम्बन्धित क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य के प्रशिक्षण हेतू चण्डीगढ़ में एक प्रशिक्षण सभा का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के सभी 7 सर्कलों से जिला सांख्यिकीय अधिकारी, निरीक्षक व अवर क्षेत्रीय अनुसंधाता तथा मुख्यालय से भी राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण अनुभाग व सारणीकरण अनुभाग के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया ।

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर से सम्बन्धित प्रशिक्षण सभा लखनउ में मास अप्रैल, 2006 मे आयोजित की गई जिसमें मुख्यालय से अधिकारियों ने भाग लिया ।

इसके अतिरिक्त इसी दौर से सम्बन्धित क्षेत्रीय प्रशिक्षण सभा जो कि चण्डीगढ़ में एन0एस0एस0ओ0 (FOD) हरियाणा सर्कल द्वारा आयोजित की गई, में भाग लिया गया ।

मास जुलाई, 2006 में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर से सम्बन्धित सर्वे हेतु सैम्पलों की सूची जो कि भारत सरकार, एन0एस0एस0ओ0 से प्राप्त हुई, को सर्वे हेतु राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के सभी 7 सर्कलों को अलाट करके भेजी गई ।

वर्ष की प्रथम तिमाही (अप्रैल, 2006 से जून, 2006) में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 62वें दौर के चतुर्थ उपचरण, ग्रामीण क्षेत्र के 28 सैम्पल तथा शहरी क्षेत्र के 24 सैम्पलों का क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया व मास जून, 2006 के अन्त तक इस दौर का क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न किया गया ।

मास जुलाई, 2006 में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर का क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ किया गया तथा मास मार्च, 2007 तक ग्रामीण क्षेत्र के 75 सैम्पल व शहरी क्षेत्र के 139 सैम्पलों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण किया गया अर्थात इसी दौर के प्रथम, द्वितीय व तृतीय उपचरण का सर्वेक्षण कार्य सम्पूर्ण किया गया ।

वर्ष के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, 2006 से जून, 2006) में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 62वें दौर के चतुर्थ उपचरण ग्रामीण क्षेत्र के 15 सैम्पल तथा शहरी क्षेत्र के 18 सैम्पलों के क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा मुख्यालय से भी इसी दौर के शहरी क्षेत्र के 3 सैम्पलों का निरीक्षण किया गया ।

जुलाई, 2006 से मार्च, 2007 तक राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर के ग्रामीण क्षेत्र के 59 सैम्पल व शहरी क्षेत्र के 97 सैम्पलों के क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा मुख्यालय से भी इस दौर के ग्रामीण क्षेत्र के 2 व शहरी क्षेत्र के 7 सैम्पलों का निरीक्षण किया गया ।

मास सितम्बर, 2006 व नवम्बर, 2006 में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर के दो शहरी सैम्पल तथा एक–2 केन्द्रीय ग्रामीण व शहरी सैम्पल का एन0एस0एस0ओ0 हरियाणा सर्कल, चण्डीगढ़ के साथ मिलकर संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया ।

वर्ष के मास अगस्त, 2006 व फरवरी, 2007 के दौरान जिला सांख्यिकीय कार्यालय अम्बाला करनाल, कुरूक्षेत्र व रोहतक में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें दौर से सम्बन्धित किए गए क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा हेतु अर्ध वार्षिक सभाओं का आयोजन किया गया ।

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 59 व 61वें दौर की भरी हुई अनुसूचियों का छानबीन कार्य जारी रहा ।

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 61वें चरण से सम्बन्धित (Household Consumer Expenditure, Employment & Unemployment) डाटा एन्ट्री का कार्य पूर्ण किया गया तथा चतुर्थ उपचरण ग्रामीण क्षेत्र का डाटा एन्ट्री का कार्य पूर्ण किया गया ।

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 59वें चरण के 30 सैम्पलों का तथा 61वें चरण के 158 सैम्पलों का Validation का कार्य पूर्ण किया गया ।

इसके अतिरिक्त 22 तथा 23 फरवरी, 2007 को राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 63वें चरण की Data Processing से सम्बन्धित All India Training Conference में भाग लिया गया।

वर्ष के दौरान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण की 58वें चरण की "Availability of Selected Facilities in Rural Haryana" and "Housing Condition in Haryana" से सम्बन्धित रिपोर्ट तैयार की गई ।

## 9. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अनुभाग

यह अनुभाग हरियाणा के वार्षिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक तैयार करता है । ये सूचकांक औद्योगिक क्षेत्र में हुई प्रगति तथा औद्योगिक क्षेत्र में आये मूलभूत परिवर्तनों को दर्शाते है ।

वर्ष 2006–07 के दौरान वर्ष 2004–05 व 2005–06 का वार्षिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आधार वर्ष 1993–94 ) औद्योगिक वर्गीकरण अनुसार तैयार किये गये । इसके अतिरिक्त मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 2005–06 (आधार वर्ष 1993–94 ) पर तैयार किया गया ।

मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वर्ष 2006–07 तैयार करने से सम्बन्धित सूचना को एकत्रित एवं सकंलन कार्य भी प्रगति पर रहा ।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक वर्ष 1999–2000 से 2003–04 सम्बन्धी रिपोर्ट तैयार की गई ।

## 10. प्रशिक्षण अनुभाग

यह अनुभाग मध्य/ निचले स्तर के सांख्यिकीय कर्मचारियों के लिये जिला /राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है । प्रशिक्षण का उद्देश्य इन कर्मचारियों को सांख्यिकीय आंकड़ों के एकत्रीकरण, संकलन, वर्गीकरण, सारणीकरण तथा विश्लेषण से सम्बन्धित प्रारम्भिक ज्ञान से परिचय करवाना है ।

वर्ष 2006–07 में जिला स्तर पर पांच सांख्यिकीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः झज्जर, कुरूक्षेत्र, सोनीपत, हिसार तथा गुड़गांव में आयोजित किये गये जिनमें कुल 133 सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

वर्ष 2006–07 के दौरान हिप्पा, गुड़गांव व पंचकूला, राष्ट्रीय उत्पादिकता परिषद, जयपुर तथा केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, नई दिल्ली के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया ।

## 11. सामाजिक सांख्यिकीय सुधार अनुभाग

यह अनुभाग हरियाणा में लोगों के सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर सामाजिक–आर्थिक सूचकों को तैयार करता है । वर्ष 2006–07 के दौरान राज्य सांख्यिकीय सारांश 2005–06 में सम्मिलित करने के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक पहलुओं पर विभिन्न सूचक तैयार किए गए ।

हरियाणा के आर्थिक सर्वेक्षण 2006–07 जिसमें अर्थ–व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति दर्शाई जाती है, को तैयार करके मुद्रित करवाया गया व बजट सत्र के दौरान हरियाणा विधानसभा में विधायकों को वितरित किया गया ।

## 12. आर्थिक गणना

पांचवीं आर्थिक गणना के All India Provisional Results release करने हेतु नई दिल्ली में आयोजित किये जाने वाले Function/Meeting के लिये Current Status of 5th Economic Census व Data Proceessing का कार्य समय पर पूर्ण करने के लिये Plan of Action Note Form में तैयार करके सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजा गया ।

All India Pattern पर पांचवीं आर्थिक गणना के राज्य स्तरीय अनन्तिम परिणाम तैयार करके भारत सरकार को भेजे गए ।

सभी जिलों से सम्बन्धित Units/Enterprises की संख्या की Random स्तर पर जांच की गई व पाई गई त्रुटियों को दूर किया गया ।

ख. योजना प्रभाग

13. योजना निरूपण एवं कार्यान्वयन अनुभाग

यह अनुभाग राज्य की पंचवर्षीय एव वार्षिक योजनायें तैयार करता है तथा योजना अवधि में योजना स्कीमों के कार्यान्वयन पर नजर रखता है ।

अनुभाग ने वार्षिक योजना 2006–07 से सम्बन्धित राज्य की विकास स्कीमों को कार्यान्वित करने हेतु विभागों से प्राप्त अतिरिक्त राशि की मांग के प्रस्तावों तथा आपस में स्कीमों में स्वीकृत राशि के परिवर्तन के लिये प्राप्त सभी प्रस्तावों की जाच तथा उच्च स्तरीय समीक्षा उपरान्त विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु आवश्यक परामर्श जारी किये ।

वार्षिक योजना 2006–07 के अनुमोदित परिव्यय तथा वार्षिक योजना 2005–06 के संशोधित परिव्यय से सम्बन्धित विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित कर अनुमोदित वार्षिक योजना 2006–07 का प्रारूप तैयार करके मुद्रित करवाया गया ।

11वीं पंचवर्षीय योजना के Thrust Areas के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों से सूचना एकत्रित की गई तथा जुलाई, 2006 में एक वर्कशाप का आयोजन करवाया गया ।

योजना आयोग, भारत सरकार से प्राप्त 11वीं पंचवर्षीय योजना के Draft Approach Paper पर विभिन्न विभागों से टिप्पणी मांगी गई तथा जुलाई, 2006 में नई दिल्ली में होने वाली बैठक के लिये दस्तावेज तैयार किये गए ।

State High Powered Purchase Committee की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुरूप सभी विभागों को Vision Document तैयार करने के लिए लिखा गया ।

National Development Council की बैठक के लिये मुख्यमन्त्री महोदय का अभिभाषण तैयार करके योजना आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजा गया ।

राज्य की वार्षिक योजना 2006–07 की Half Yearly Performance Review करने हेतु हरियाणा निवास, चण्डीगढ़ में सदस्य, योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोजित बैठक के लिये आवश्यक सूचना तैयार की गई ।

राज्य की वार्षिक योजना 2006–07 के संशोधित परिव्यय का क्षेत्रवार आंबटन करके मुख्यमन्त्री महोदय से अनुमोदित करवाकर सम्बन्धित विभागों को भेजा गया तथा उनसे संशोधित परिव्यय के स्कीमवार प्रस्ताव मांगे गये ।

राज्य की 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007–12 तथा वार्षिक योजना 2007–08 के प्रस्तावित योजना परिव्यय का क्षेत्रवार आंबटन कर मुख्यमन्त्री महोदय से अनुमोदन उपरान्त सम्बन्धित विभागों से प्राप्त स्कीमवार सूचना के आधार पर प्रस्तावित 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007–12 तथा वार्षिक योजना 2007–08 का प्रारूप तैयार करके मुद्रित करवाया गया तथा योजना आयोग, भारत सरकार को भेजा गया ।

योजना आयोग, भारत सरकार द्वारा राज्य की 11वीं पंचवर्षीय योजना 2007–12 तथा वार्षिक योजना 2007–08 का योजना परिव्यय 35000 करोड़ रूपए तथा 5300 करोड़ रूपए अनुमोदित करने उपरान्त उक्त परिव्यय का क्षेत्रवार आंबटन करके मुख्यमन्त्री महोदय से अनुमोदित करवाया गया तथा सम्बन्धित विभागों से सूचना भेजकर स्कीमवार प्रस्ताव मांगे गए ।

14. जिला योजना अनुभाग

इस अनुभाग द्वारा राज्य स्तर पर विकेन्द्रीकृत योजना स्कीम के कार्यान्वयन सम्बन्धी कार्य किए जाते हैं ।

विकेन्द्रीकृत योजना वर्ष 1985–86 में आरम्भ की गई थी । इसके अन्तर्गत क्षेत्रीय महत्व के छोटे कार्य व अन्य विभिन्न विभागों द्वारा अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने के लिये राज्य सरकार द्वारा राशि का प्रावधान किया जाता है । जिला स्तर पर विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत कार्यों को अनुमोदन करने के लिए जिला स्थानीय क्षेत्र विकास बोर्ड ( डिस्ट्रिक्ट लोकल एरिया डिवैल्पमैन्ट बोर्ड ) का गठन किया गया है ।

विकेन्द्रीकृत योजना के तहत वर्ष 2006–07 के लिये निर्धारित 20 करोड़ रूपये की राशि का जिलावार आबटन करके माननीय मुख्यमन्त्री महोदय की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया तथा अनुमोदन उपरान्त सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा गया ।

अर्थ तथा सांख्यिकीय सलाहकार (योजना विभाग) को जिला योजना तैयार करने बारे Nodal Department नियुक्त करने से सम्बन्धित सभी अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को पत्र जारी किये गए ।

MPLAD स्कीम को अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन विभाग को स्थानान्तरण करने बारे केस तैयार करके वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना को भेजा गया तथा दोनो विभागों के बीच बैठक बुलाने बारे वित्त मन्त्री महोदय को भेजा गया ।

दिनांक 26–5–2006 को जिला योजना समितियों का गठन जिला योजना तैयार करने तथा विकेन्द्रीकृत योजना की समीक्षा के लिये अर्थ तथा सांख्यिकीय सलाहकार महोदय की अध्यक्षता में सभी जिला योजना अधिकारियों के साथ बैठक बुलाई गई व मीटिंग की कार्यवाही सभी जिला योजना अधिकारियों को भेजी गई ।

विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत विशेष घटक योजना व वास्तविक खर्च की रिपोर्ट सभी जिलों से एकत्रित करके निदेशक, अनुसूचित जाति तथा पिछडे वर्ग कल्याण विभाग को भेजी गई ।

ग्रामीण तथा शहरी विकास योजनाओं की समीक्षा हेतु उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक हेतु विभाग से सम्बन्धित एजैण्डा नोट तैयार करके 15 प्रतियां मुख्य सचिव, हरियाणा के कार्यालय को प्रेषित की गई ।

Rashtriya Sam Vikas Yojana की बैठक के लिये अपने विभाग से सम्बन्धित एजैण्डा नोट तैयार करके वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव (योजना) को भेजा गया ।

विकेन्द्रीकृत योजना के तहत जिला योजना अधिकारियों से प्राप्त त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टस में पाई गई त्रुटियों बारे अतिरिक्त उपायुक्तों एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों से पत्र व्यवहार किया गया ।

भुवनेश्वर में 13 से 16 जून 2006 तक हुई बैठक में पी0आर0आईज को शक्ति प्रदान करने बारे तथा District Planning Committees के माध्यम से जिला योजना तैयार करने से सम्बन्धित हुई बैठक बारे एजैण्डा नोट तैयार कर उपाध्यक्ष, राज्य योजना बोर्ड तथा वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना को बैठक में भाग लेने हेतु प्रस्तुत किये गए ।

जिला योजना समितियां गठित करने बारे आयुक्त एवं सचिव, नगर विकास निगम, हरियाणा को वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना की तरफ से अर्ध सरकारी पत्र जारी किया गया तथा सभी जिला उपायुक्तों एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को पत्र जारी किये गए ।

सभी अतिरिक्त उपायुक्तों एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत वर्ष 2006–07 के लिये राशि जारी करते हुये कार्य योजना तैयार करने बारे पत्र जारी किये गये ।

निदेशक, अनुसूचित जातियां एवं पिछडे वर्ग कल्याण विभाग, हरियाणा को विकेन्द्रीकृत योजना के तहत वर्ष 2005–06 के दौरान विशेष घटक योजना के तहत खर्च की गई राशि की रिपोर्ट Level Standing Tripartite Committee की बैठक प्रस्तुत की गई ।

विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत जारी की गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र मंगवाने हेतु सभी अतिरिक्त उपायुक्तों एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को पत्र जारी किये गये ।

जिला योजना तैयार करने हेतु सभी अतिरिक्त उपायुक्तो एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों एवं जिला सांख्यान अधिकारियों को प्रपत्रों की प्रतियां एवं सी0डी0 भेजी गई ।

जिला योजना तैयार करने से सम्बन्धित दिनांक 31–8–2006 एवं 01–9–2006 को गुड़गांव HIPA में हुई वर्कशाप में भाग लेने बारे सभी जिला सांख्यान अधिकारियों एवं सभी अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को पत्र जारी किये गए ।

विकेन्द्रीकृत योजना के अन्तर्गत वर्ष 2003–04, 2004–05 व 2005–06 में होने वाले खर्च की रिपोर्ट तैयार करके महालेखाकार, हरियाणा को भेजी गई । हरियाणा राज्य में जिला योजना समितियां गठित करने की वर्तमान स्थिति बारे योजना आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली को अवगत करवाने बारे पत्र जारी किया गया ।

NIRD Nilokheri में सभी योजना/जिला सांख्यान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलवाने बारे निदेशक, ग्रामीण उन्मूलन नीलाखेड़ी हरियाणा से पत्र व्यवहार किया गया ।

जिला योजना तैयार करने बारे सभी अतिरिक्त एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को (Guidelines) की प्रतियां भेजी गई ।

केरल, तमिलनाडू तथा महाराष्ट्र राज्यों में गठित राज्य योजना बोर्ड की तरह अपनाई गई कार्य प्रणाली को हरियाणाा राज्य में अपनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करके सरकार को प्रस्तुत किया गया ।

MPLAD Scheme को ग्रामीण विकास विभाग को स्थानान्तरण करने बारे सभी अतिरिक्त उपायुक्तों एवं मुख्य योजना तथा विकास अधिकारियों को पत्र जारी किये गए ।

उपायुक्तों एंव पुलिस अधीक्षकों की Conference में जिला योजना तैयार करने बारे Agenda तैयार करके मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार को भेजा गया ।

वर्ष 2003–04 व 2004–05 की उपयोगिता प्रमाण पत्र रिपोर्ट तैयार करके महालेखाकार, हरियाणा, को भेजी गई ।

निदेशक, अनुसूचित जातियों को (Special Component Plan) अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु प्लान तैयार करने बारे लिखा गया ।

अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके निदेशक, अनुसूचित जातियां व पिछडे वर्ग विभाग, हरियाणा को भेजी गई ।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना 2007–12 व वार्षिक योजना 2007–08 की जिलावार सूचना तैयार की गई ।

15. मूल्यांकन सर्वेक्षण अनुभाग

यह अनुभाग विकास कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है ताकि उनके सामान्य प्रभाव, कार्यान्वयन करने में विलम्ब के कारण तथा सुधार के लिए उठाये जाने वाले पगों का विश्लेषण किया जा सके ।

वर्ष 2006–07 के दौरान निम्नलिखित मूल्याकंन अध्ययन पूर्ण किए गए :–

1. हरियाणा में वनों का पुर्नरोपण ।
2. समेकित बाल विकास सेवाएं कार्यक्रम ।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित मूल्याकंन अध्ययन प्रगति पर रहे :–

1. अनुसूचित जाति के मैट्रिक पास विद्यार्थियों को छात्रवृति देना ।
2. एस0पी0वी0 गृह प्रकाश प्रणाली एवं सोलर लालटेन की कार्यशीलता ।

16. योजना अनुश्रवण अनुभाग

इस अनुभाग का दीर्घ अवधि की विकास योजनाओं तथा विभिन्न विकास स्कीमो / परियोजनाओं की प्रगति का अनुश्रवण करने के लिये गठन किया गया है ।

वर्ष 2006–07 के दौरान वार्षिक योजना 2005–06 की 31 मार्च, 2006 की चतुर्थ त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा वार्षिक योजना 2006–07 की 30 जून, 2006, 30 सितम्बर, 2006 व 31 दिसम्बर, 2006 को समाप्त होने वाली प्रथम, द्वितीय व तृतीय त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके भारत सरकार तथा राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागों को प्रेषित की गई । वार्षिक योजना 2006–07 की 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाली चतुर्थ त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की सूचना एकत्रित करने का कार्य प्रगति पर रहा ।

वार्षिक योजना 2005–06 की 31 मार्च,2006 को समाप्त होने वाली तिमाही की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की सूचना एकत्रित करने उपरान्त संकलित रिपोर्ट वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना से अनुमोदित उपरान्त योजना आयोग, भारत सरकार व अन्य सम्बन्धित विभागों तथा राज्य योजना बोर्ड को प्रेषित की गई ।

वार्षिक योजना 2005–06 के खर्चे की समीक्षा व 11वीं पंचवर्षीय योजना की Strategy/Thurst Areas की समीक्षा के लिये मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया ।

वार्षिक योजना 2005–06 में खर्च की समीक्षा बारे डा0 श्रीमति सईदा हमीद, सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार की अध्यक्षता में 30–6–2006 को हरियाणा निवास, चण्डीगढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया तथा योजना से सम्बन्धित विभागों को बैठक में भाग लेने हेतु प्रपत्र जारी किये गये व बैठक के लिये जरूरी सूचना तैयार की गई ।

वार्षिक योजना 2006–07 की 30 जून, 2006 को समाप्त होने वाली तिमाही की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की सूचना एकत्रित करने उपरान्त संकलित रिपोर्ट वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना से अनुमोदित करवाने उपरान्त योजना आयोग, भारत सरकार व अन्य सम्बन्धित विभागों तथा राज्य योजना बोर्ड को प्रेषित की गई ।

वार्षिक योजना 2006–07 में खर्च की अर्ध वार्षिक समीक्षा बारे वित्त मन्त्री महोदय, हरियाणा सरकार की अध्यक्षता में मुख्य विभागों के वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव/आयुक्त एवं सचिवों की बैठकों का दिनांक 13,17 तथा 22 नवम्बर को आयोजन किया गया । इसके लिये योजना से सम्बन्धित मुख्य विभागों को प्रपत्र जारी किये गये एवं बैठकों के लिये आवश्यक सूचना तैयार कर वित्त मन्त्री महोदय, हरियाणा सरकार तथा वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, वित्त व योजना को प्रस्तुत की गई ।

वार्षिक योजना 2006–07 में खर्च की अर्ध–वार्षिक प्रगति की समीक्षा बारे डा0 श्रीमती सईदा हमीद, सदस्य योजना आयोग, भारत सरकार की अध्यक्षता में दिनांक 29–9–2006 को बैठक का आयोजन हरियाणा निवास, चण्डीगढ़ में किया गया तथा बैठक हेतु आवश्यक सूचना तैयार कर प्रस्तुत की गई ।

द्वितीय तिमाही तक जिन विभागों के खर्चों की प्रगति 35 प्रतिशत से कम थी, उनकी सूचि वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना को प्रेषित की गई व सभी सम्बन्धित विभागों को अर्ध–सरकारी पत्र जारी किये गये ।

वार्षिक योजना 2006–07 की 30–9–2006 को समाप्त होने वाली तिमाही की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना के अनुमोदन उपरान्त योजना आयोग, भारत सरकार, राज्य योजना बोर्ड, वित्त मन्त्रालय, भारत सरकार, वित्त विभाग, हरियाणा तथा निदेशक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति को भेजी गई ।

वार्षिक योजना 2006–07 की 31 दिसम्बर, 2006 को समाप्त होने वाली तृतीय त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट बारे योजना से सम्बन्धित विभागों से प्राप्त सूचना का निरीक्षण कर संकलन कार्य जारी रहा ।

29 नवम्बर, 2006 को श्रीमती सईदा हमीद, सदस्य, योजना आयोग, भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक के मुख्य बिन्दुओं को मुख्य सचिव, हरियाणा तथा योजना से सम्बन्धित 18 विभागों के वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिवों को प्रेषित किया गया ।

वार्षिक योजना 2006–07 की योजना से सम्बन्धित विभागों को 31–12–2006 को समाप्त होने वाली तिमाही व 31 मार्च, 2007 तक के अनुमानित खर्चे तथा चिन्हित क्षेत्र की सूचना तैयार करके Ministry of Finance, Department of Expenditure, Plan Finance-I Division, GOI, New Delhi को प्रेषित की गई ।

दिनांक 15–2–2007 को माननीय मुख्य मन्त्री तथा उपाध्यक्ष, योजना आयोग, भारत सरकार के मध्य वार्षिक योजना 2006–07 से सम्बन्धित स्कीमों के प्रगति बारे होने वाली बैठक के लिये सूचना तैयार की गई ।

वार्षिक योजना 2006–07 की योजना स्कीमों से सम्बन्धित विभागों से 31–12–2006 को समाप्त होने वाली तृतीय तिमाही की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट की सूचना एकत्रित व संकलित कर वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना के अनुमोदन उपरान्त योजना आयोग, भारत सरकार व अन्य सम्बन्धित विभागों तथा राज्य योजना बोर्ड को प्रेषित की गई ।

माननीय मुख्यमन्त्री तथा उपाध्यक्ष, योजना आयोग, भारत सरकार के मध्य वार्षिक योजना 2006–07 योजना से सम्बन्धित स्कीमों के खर्चे की समीक्षा बारे दिनांक 2–3–2007 को योजना आयोग, नई दिल्ली में बैठक हुई । इस बैठक में वार्षिक योजना 2006–07 की योजना स्कीमों से सम्बन्धित 15–2–2007 की खर्चे की समीक्षा की गई । वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, योजना के आदेशानुसार उपरोक्त सूचना सम्बद्ध विभागों से एकत्रित व संकलित कर योजना आयोग, भारत सरकार माननीय मुख्य मन्त्री महोदय, वित्त व योजना मन्त्री, हरियाणा सरकार, उपाध्यक्ष, योजना बोर्ड, हरियाणा को प्रेषित की गई ।

जनवरी से मार्च, 2007 की त्रैमासिक रिपोर्ट मंगवाने बारे सम्बन्धित विभागों को प्रपत्र जारी किये गये ।

17. मानवशक्ति तथा रोजगार समन्वय अनुभाग

मानवशक्ति तथा रोजगार समन्वय अनुभाग अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा के प्रशासन अधीन कार्य करता है परन्तु इसके तकनीकी कार्य का निरीक्षण विशेष कार्य अधिकारी (मानवशक्ति) करता है। इस अनुभाग का मुख्य कार्य तकनीकी व्यक्तियों जैसे कि डाक्टर, अभियन्ता, अध्यापक तथा कृषि विशेषज्ञों की मांग तथा पूर्ति सम्बन्धी अनुमान लगाना है । योजना परियोजनाओं के अधीन रोजगार तथा बेरोजगारी सम्बन्धी समस्याओं का अध्ययन इसी अनुभाग द्वारा किया जाता है । वर्ष 2006–07 में किये गये कार्य निम्न प्रकार से हैं :–

मानवशक्ति

दसवीं पंचवर्षीय योजना 2002–07 के लिए शिक्षा से सम्बन्धित प्रशिक्षित जनशक्ति की मांग व पूर्ति के अनुमान तैयार करने हेतु सम्बन्धित विभागों से सूचना एकत्रित करने का कार्य प्रगति पर रहा ।

रोजगार

हरियाणा मानव विकास प्रतिवेदन से सम्बन्धित विभागों से प्राप्त Comments/Suggestions अनुमोदन उपरान्त तैयार किए गए । इसके अतिरिक्त मानव विकास प्रतिवेदन का अध्ययन करके संक्षिप्त प्रारूप तैयार किया गया व अन्तिम रूप दिया गया । अन्तिम रिपोर्ट को प्रकाशित करवाने व रिलीज करवाने बारे HIPA, गुड़गांव से पत्र–व्यवहार किया गया ।

ग– जिला सांख्यिकीय एजैंसियां

जिला सांख्यिकीय एजैन्सियां राज्य के सभी 20 जिलों में कार्य कर रही हैं । कार्यक्रमों, परियोजनाओं के निरूपण एवं चल रहे कार्यक्रमों के अनुश्रवण के लिए ये एजैन्सियां अभीष्ट आंकडे प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं । जिला सांख्यिकीय एजैन्सियों के मुख्य कार्य संक्षिप्त रूप से नीचे वर्णित हैं :–

क– जिले की आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियों पर सभी प्रकार के आंकडों का संग्रह, संकलन तथा पोषण करना ।
ख– आंकडे प्रदान करने वाली अन्य एजैन्सियों को संग्रह तथा संकलन कार्य के संदर्भों में मार्ग दर्शन प्रदान करना तथा निरीक्षण करना ।
ग– जिला स्तर पर किये जाने वाले सर्वेक्षणों में आवश्यक सहायता प्रदान करना ।
घ– विभिन्न कार्यालयों में सांख्यिकीय सूचना एकत्रित करने वाले तथा सूचना प्रदान करने वाले कर्मचारियों को समय–समय पर प्रशिक्षण प्रदान करना ।
ङ– जिला स्तर के विभिन्न कार्यालयों में सांख्यिकीय गतिविधियों का समन्वय करना ।

जिला सांख्यिकीय एजैन्सियों द्वारा की जाने वाली नियमित सांख्यिकीय गतिविधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :–

I. जिला सांख्यिकीय सारांश

जिला स्तर पर जिला सांख्यिकीय कार्यालय, जिला के विभिन्न सामाजिक तथा आर्थिक पक्षों को दर्शाने वाले आंकडों का संग्रह तथा संकलन करने वाली प्रमुख एजैन्सी है । इस विषय पर मुख्य प्रकाशन जिला सांख्यिकीय सारांश है जिसमें क्षेत्रफल, जनसंख्या, कर्मियों का व्यवसाय के अनुसार वितरण, अनुसूचित जातियों की जनसंख्या, साक्षरता, वर्षा, भू–उपयोगिता, फसलों के अधीन क्षेत्र, फसलों का उत्पादन, सिंचित निवल क्षेत्र, सिंचित कुल क्षेत्र, ट्रैक्टर, नलकूप तथा पम्प सैट, वन, पशुधन और पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, उद्योग, श्रम तथा रोजगार, चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा, सहकारिता, परिवहन, सडकें, अपराध, स्थानीय निकाय, पंजीकरण, बैंकिंग, सामुदायिक विकास, कीमतें आदि सभी प्रकार के आंकडों का समावेश किया जाता है । वर्ष 2006–07 के दौरान जिला सांख्यिकीय सारांश वर्ष 2004–05 सभी जिला सांख्यान कार्यालयों द्वारा तैयार किया गया ।

II कीमत सम्बन्धी आंकड़े

जिला सांख्यिकीय कार्यालयों पर मार्किट कमेटियों से कृषि पदार्थों की थोक कीमतों, जिला मुख्यालय नगरों से खुदरा भाव तथा चुने हुए बाजारों तथा औद्योगिक कस्बों से परचून कीमतें एकत्र करने का उत्तरदायित्व है । इन आंकड़ों का प्रयोग राज्य स्तर पर सूचकांक तैयार करने के लिए भी किया जाता है ।

III मण्डी आमद

जिला सांख्यिकीय कार्यालयों द्वारा विभिन्न कृषि पदार्थों के मण्डी आमद सम्बन्धी आंकड़े भी एकत्रित किये जाते हैं । इन आकडों का नियमित रूप से मार्किट कमेटियों से संग्रह किया जाता है तथा उन्हें काल श्रृंखला (टाईम सीरीज) के रूप में रखा जाता है ।

IV नगरपालिका वार्षिक पुस्तक

नगरपालिका वार्षिक पुस्तक में प्रत्येक जिले की नगरपालिकाओं के क्षेत्रफल, जनसंख्या, नगरपालिका के व्यवसाय, वर्षा, चिकित्सा, शिक्षा तथा अन्य सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं के महत्त्वपूर्ण आंकडे होते हैं । शहरी स्तर की सामाजिक तथा आर्थिक सूचना के लिये यह प्रकाशन बहुत उपयोगी है । वर्ष 2006–07 के दौरान नगरपालिका वार्षिक पुस्तक वर्ष 2004–05 सभी जिला सांख्यान कार्यालयों द्वारा तैयार की गई ।

V 20 सूत्रीय कार्यक्रम

उपायुक्तों एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समितियों द्वारा जिला स्तर पर चल रहे 20–सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति का पुनरीक्षण प्रत्येक माह किया गया तथा जिला सांख्यिकीय एजैन्सियों द्वारा मासिक सूचना तैयार की जाती रही ।

VI जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण

जिला सामाजिक आर्थिक पुनरीक्षण वर्ष 2004–05 जिसमें जिला स्तर पर विभिन्न सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों से सम्बन्धित आंकडों का संक्षिप्त विवरण हैं, सभी जिलों द्वारा तैयार किया गया ।

घ जिला योजना कार्यालय

हरियाणा में जिला स्तर पर विकेन्द्रीकृत योजना सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू की गई । इस योजना के अन्तर्गत इस विभाग द्वारा सभी जिलों में जिला योजना कार्यालय खोले गये हैं । इनके कार्य की देख रेख जिलों के सम्बन्धित अतिरिक्त उपायुक्त करते हें जिनको कि मुख्य योजना एवं विकास अधिकारी का कार्यभार सौंपा हुआ है । ये कार्यालय अपने जिलों में स्थानीय स्तर के विकास के लिए कार्यकारी समिति की मदद से स्कीमें तैयार करते हैं तथा इन स्कीमों को जिले के स्थानीय क्षेत्र विकास बोर्ड से अनुमोदित करवाकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि से इनको कार्यान्वित करवाते हैं । अब सरकार ने निर्णय लिया है कि विकेन्द्रीकृत योजना स्कीम के अधीन राशि का उपयोग सरकार आपके द्वार प्रोग्राम के अन्तर्गत केवल सभी समुदायों की चौपालों के निर्माण, पुर्ननवीकरण तथा मुरम्मत पर ही किया जाना है । इन योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न स्कीमों के अनुमोदन के लिये तथा किये गये कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए विभिन्न जिला स्थानीय क्षेत्र विकास बोर्डों की सभा नियमित रूप से बुलाई गई ।

ड चौकसी से सम्बन्धित सूचना

उक्त अवधि के दौरान चौकसी विभाग से इस विभाग के कर्मचारियों से सम्बन्धित कोई मामला नोटिस में नहीं लाया गया ।

अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा में कार्य कर रहे अधिकारियों /कर्मचारियों का ब्यौरा संलग्नक के रूप में आगामी पृष्ठों पर उपलब्ध है ।

संलग्नक

अर्थ तथा सांख्यिकीय संगठन, हरियाणा के राजपत्रित तथा अराजपत्रित वर्ग के पदों का विवरण 2006–07 ( 31.3.2007 ) के अनुसार ।

मुख्यालय

(1) राजपत्रित

| | पदों की संख्या उपलब्ध | भरे पद |
|---|---|---|
| अर्थ तथा सांख्यिकीय सलाहकार | 1 | 1 |
| अतिरिक्त अर्थ तथा सांख्यिकीय सलाहकार | 2 | 2 |
| सयुंक्त अर्थ तथा सांख्यिकीय सलाहकार | 2 | 2 |
| उप अर्थ तथा सांख्यिकीय सलाहकार | 8 | 8 |
| उप योजना सलाहकार | 1 | 1 |
| मानशक्ति तथा रोजगार समन्वय अधिकारी | 1 | 1 |
| अनुसंधान अधिकारी | 31 | 26+3@ |
| अधीक्षक | 1 | 1 |

II अराजपत्रित

| | | |
|---|---|---|
| सहायक अनुसंधान अधिकारी /छानबीन निरीक्षक | 47 | 24+6@ |
| अनुभाग अधिकारी | 1 | 1 |
| सांख्यिकीय सहायक /निरीक्षक /अन्वेषक | 17 | 5+1@ |
| क्षेत्रीय सहायक | 19 | 10+1@ |
| अवर क्षेत्रीय अनुसंधाता | 8+3** | 15 |
| कलाकार एवं प्रारूपकार | 1 | 1 |
| संगणक | — | 11* |
| उप–अधीक्षक | 2 | 2 |
| सहायक | 14 | 11 |
| लिपिक | 9 | 9 |
| निजी सहायक | 1 | 1 |
| वरिष्ठ आशुलिपिक | 6 | 6 |
| कनिष्ठ आशुलिपिक | 7 | 6+1@ |
| आशुटकंक | 20 | 14+2@ |
| कार चालक | 4 | 2 |
| मशीन आपरेटर (डुप्लीकेटिंग मशीन ) | 1 | 1 |
| मशीन आपरेटर (फोटोस्टेट मशीन) | 1 | 1 |
| सेवक | 31 | 26+1@ |

जिला कार्यालय

क–जिला सांख्यान कार्यालय

(i) राजपत्रित

| | | |
|---|---|---|
| जिला सांख्यान अधिकारी | 20 | 16 |
| **(ii) अराजपत्रित** | | |
| सहायक जिला सांख्यान अधिकारी | 20 | 17 |
| सांख्यिकीय सहायक /निरीक्षक /अन्वेषक | 26 | 19 |
| क्षेत्रीय सहायक | 46 | 32 |
| अवर क्षेत्रीय अनुसंधाता | 40+2** | 34 |
| सहायक | 20 | 17 |
| लिपिक | 17 | 16+1@ |
| अनुरेखक | — | 3* |
| सेवक | 39 | 37 |
| संगणक | — | 3 * |

ख– जिला योजना कार्यालय

(i) राजपत्रित

| | | |
|---|---|---|
| मुख्य योजना तथा विकास अधिकारी | 19 | — |
| योजना अधिकारी | 20 | 16 |
| **(ii) अराजपत्रित** | | |
| अनुसंधान सहायक | 20 | 19 |
| कार्टोग्राफर /ज्योग्राफर | — | 15* |
| आशुटंकक | — | — |
| सेवक | 20 | 25* |
| सहायक | — | 11* |
| गैस्टेटनर आपरेटर | — | 9* |
| कुल योग | 543+5** | 474+16@ |

@ कर्मचारी अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर हैं ।

* अधिक भरे गये पद विभाग की रीस्ट्रक्चरिंग/राईट साईजिंग के कारण हैं तथा ये पद डिमीनिशींग/डाईंग कैडर में रखे गये हैं ।

*** लिपिक के पद अवर क्षेत्रीय अनुसंधाता में कनवर्ट होने पर